पर एक शैड का निर्माण करने की स्वीकृति दी गई थी ; और

(ख) यदि हां, तो उक्त स्टेशन पर अब तक शैड का निर्माण न करने के क्या कारण हैं ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिन्धिया) : (क) जी नही ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

Development of inland water transport

2369. SHRI KALPNATH RAI: Will the Minister of TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether any plans have been drawn up for linking up different river systems in the country for the purposes of inland water transport;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what is the amount earmarked during the Seventh Plan for the development of water transport?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF SURFACE TRANSPORT (SHRI RAJESH PILOT): (a) No.

(b) Does not arise.

(c) In the Seventh Five-Year Plan a total outlay of Rs. 225.73 crores has been earmarked for the development of Inland water transport, of which Rs. 155.00 crores is in the Central Sector and Rs. 70.73 crores is in the Plan of the States and Union Territories.

Electrification of Vijayawada-Guntur and Guntur-Tenali lines

2370. SHRI R. SAMBASIVA RAO: Will the Minister of TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government's consideration to electrify the Vijayawada-Guntur and Guntur-Tenali lines; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) and (b) Vijayawada-Krishna Canal is already electrified. Electrification of the section Krishna Canal-Guntur-Tenali has been included in the Railways' Budget for 1986-87 at an estimated cost of Rs. 7.62 crores.

देश में मोतिया बिंद के मामलों में वृद्धि

2371. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मोतियाबिन्द के मामलों में लगातार कमी होने के सरकार के दावे के बावजूद देश में पिछले दो वर्षों में मोतियाबिन्द के प्रकोप में लगातार वृद्धि हुई है और विश्व में इस बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों की सबसे अधिक संख्या भारत में है ;

(ख) क्या इस बीमारी को रोकने के लिए सरकार युद्धस्तर पर प्रयास करने का विचार रखती है ; और

(ग) यदि हां, तो इस कार्यक्रम का चरणवार ब्यौरा क्या है और इस संबंध में स्वयसेवी संगठनों की क्या भूमिका होगी ?

परिवार कल्याण विभाग में उप मंत्री (श्री एस० कृष्ण कुमार) : (क) इस बात का कोई प्रमाण नही है जिससे यह पता चलता हो कि देश में मोतियाबिंद के मामलों में निरन्तर वृद्धि हो रही है । वैसे, मोतियाबंद की व्यापकता के बारे में हाल ही में किये गये अध्ययन से यह पता चला है कि देश के कुछ क्षेत्रों में इस रोग का काफी प्रकोप है । भारत सबसे अधिक घनी आबादी वाला देश होने के कारण विश्व के अन्य देशों के मुकाबले यहां इस रोग का अधिक प्रकोप है ।

(ख) और (ग) देश में दृष्टिहीनता की समस्या से निपटने के लिये भारत सरकार ने दृष्टिहीनता को रोकने के लिये एक राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू किया है जिसका अन्तिम उद्देश्य दृष्टि-

हीनता की दर जो 1971 में 1.4 प्रतिशत थी उसे घटा कर सन् 2000 ईसवी तक 0.5 प्रतिशत करना है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित सेवाओं का विकास किया गया है :—

(i) मोबाइल यूनिट	80
(ii) जन स्वास्थ्य केन्द्रों का सुदृढ करण	2000
(iii) जिला अस्पतालों का सुदृढीकरण	404
(iv) मेडिकल कालेजों के नेत्र विज्ञान विभाग का दर्जा बढ़ाना	58
(v) क्षेत्रीय नेत्र विज्ञान संस्थानों की स्थापना	9
(vi) जिला मोबाइल यूनिटों की स्थापना	30
(vii) राज्य नेत्र-विज्ञान सेल की स्थापना	18
(viii) नेत्र सहायकों के लिये प्रशिक्षण स्कूलों की स्थापना	37

मोबाइल शिविर योजना के माध्यम से नेत्र परिचर्या की सेवाएं दूर दराज के ग्रामीण/आदिवासी क्षेत्रों में प्रदान की जाती हैं। स्वैच्छिक संगठन भी इस कार्यक्रम विशेषकर दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक नेत्र स्वास्थ्य परिचर्या शिविरों का आयोजन करने में लगे हुये हैं। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक नेत्र शिविर के लिये प्रति इन्ट्रा-आकुलर आपरेशन के लिये 60/—रुपये की दर से अधिक से अधिक 12000/—रुपये तक की सहायता स्वीकार्य है।

Amendment of the Prevention of Food Adulteration Act

2372. SHRI J. P. GOYAL: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government propose to amend the Prevention of Food Adulteration Act to make it obligatory for manufacturers and traders to pay compensation to the purchasers of adulterated foodstuffs in the event of any harm caused to them due to their use; and

(b) if so, by when that amendment is proposed to be brought before Parliament?

THE DEPUTY MINISTER IN THE DEPARTMENT OF FAMILY WELFARE (SHRI S. KRISHNA KUMAR): (a) Yes, Sir.

(b) The Bill will be introduced in the Parliament as soon as it is ready.

छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की दुर्घटना के शिकार व्यक्तियों को मुआवजे का भुगतान

2373. **श्री प्यारे लाल खंडेलवाल :** क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि जून, 1985 में आगरा के निकट छत्तीसगढ एक्सप्रेस की दुर्घटना में उन मृत और घायल व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिन्हें अब तक मुआवजे की अदायगी नहीं की गयी है ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) इस दुर्घटना में 40 व्यक्ति मारे गये और 33 घायल हुए थे।

(2) तदर्थ दावा आयुक्त, आगरा के न्यायालय में मृत्यु, चोट और सम्पत्ति की हानि के संबध में क्षतिपूर्ति के लिए 77 आवेदन पत्र दायर किये गये थे, इन दावों में से, तदर्थ दावा आयुक्त ने 13 आवेदन पत्र रद्द कर दिये हैं और 43 आवेदन पत्र उनके निर्णय के लिए लम्बित हैं।

इन्दौर और भोपाल के बीच अन्तर-नगरीय द्रुतगामी रेल सेवा

2374. **श्री प्यारे लाल खंडेलवाल :** क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इन्दौर और भोपाल के बीच अन्तर-नगरीय द्रुतगामी रेल सेवा चलाने की कोई मांग की गई है और यदि हां, तो क्या इस संबंध में सरकार को कोई ज्ञापन दिया गया है ; और

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में सर्वेक्षण कराकर कोई निर्णय लिया है ?